<u>राज्य सभा</u>

तारांकित प्रश्न संख्या *359

28 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

धातु इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर का विनिवेश

***359. श्री मो॰ नदीमुल हकः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत की रक्षा संबंधी आवश्यकताओं हेतु धातु इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर के महत्व को देखते हुए इस संयंत्र का विनिवेश किया जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारत की परमाणु ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं हेतु धातु इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस संयंत्र का विनिवेश किया जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार इस बात को किस प्रकार से सुनिश्चित करेगी कि कोई भी प्रस्तावित विनिवेश राष्ट्र की उपर्युक्त आवश्यकताओं के अनुरूप हो?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह)**

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"धातु इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर का विनिवेश" के बारे में श्री मो. नदीमुल हक, संसद सदस्य द्वारा राज्य सभा में दिनांक 28 मार्च, 2018 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *359 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): नीति आयोग को योजनाबद्ध विनिवेश के लिए सीपीएसई को अभिज्ञात करने का शासनादेश प्राप्त है। नीति आयोग योजनाबद्ध विनिवेश हेतु उन सीपीएसई की सिफारिशें नहीं करता है, जो सरकार के लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं। सरकार ने अलॉय स्टील प्लांट दुर्गापुर का योजनाबद्ध विनिवेश करने के लिए "सैद्धांतिक" निर्णय ले लिया है ताकि नवीनतम प्रौद्योगिकी और श्रेष्ठ प्रबंधन पद्धतियाँ समेत पर्याप्त मूल्यवर्धन प्राप्त किया जा सके।

*****